**विधान परिषद् के प्रथम सत्र,2024 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा. सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या-13 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 13(क)- क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बतायेंगे कि आकांक्षी जनपद-सिद्धार्थनगर में गन्ना किसानों की आय बढ़ाने हेतु जनपद में कौन-कौन सी योजनाएं प्रभावित है? | जनपद-सिद्धार्थनगर में गन्ना किसानों की आय बढ़ाने हेतु जिला योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार से वित्त पोषित गन्ना विकास की योजना एवं केन्द्र तथा राज्य सरकार से संयुक्त वित्त पोषित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत बीज बदलाव, प्रक्षेत्र प्रदर्शन, फसल सुरक्षा, ड्रिप सिंचाई आदि के कार्यक्रम संचालित है। |
| (ख) क्या नेपाल की सीमा से सटे होने एवं नदियों की बहुलता के कारण यहां की जमीन उपजाऊ हैं और गन्ने की फसल हेतु उपयुक्त होती है? | जनपद सिद्धार्थनगर में कुल कृषि योग्य भूमि लगभग 245273 हेक्टेअर तथा गन्ना क्षेत्रफल 563 हेक्टेअर है। जिले में मुख्यतः कृषकों द्वारा धान-गेहूँ फसल चक्र अपनाया जाता है।जिले के बाढ़ग्रस्त कतिपय क्षेत्रों यथा विकास खण्ड-उसका बाजार, लोटन, बर्डपुर, जोगिया, शोहरतगढ़ को छोड़कर शेष क्षेत्रों में सामान्यतया गन्ने की खेती करने में समस्या नहीं है। |
| (ग) यदि हां, तो क्या उक्त आकांक्षी जनपद में कोई चीनी मिल लगाने पर विचार करेंगे ? | जिले में किसी नई चीनी मिल की स्थापना का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। |

लक्ष्मी नारायण चौधरी
मंत्री,
गन्ना विकास एवं चीनी मिलें,उ.प्र.।